No. of Printed Pages : 11

**ECO-4**

01492

# BACHELOR'S DEGREE PROGRAMME

## Term-End Examination

## June, 2010

## ELECTIVE COURSE : COMMERCE

## ECO–4 : ACCOUNTANCY-II

*Time : 3 hours* | *Maximum Marks : 100*

*(Weightage : 70%)*

---

***Note :*** *Attempt* ***any four*** *questions from* **Section-A** *including question* **No. 1** *which is* **compulsory** *and do both the questions from* **Section-B.**

---

### SECTION - A

**1.** Attempt *any three* questions from the following :

**5+5+5=15**

(a) State any four points which must be incorporated in a partnership deed.

(b) Explain in brief any five conditions which a Company must satisfy for issuing shares at a discount.

(c) What is a debenture ? Briefly explain any two types of debentures.

(d) Write a short note on Branch Adjustment Account.

(e) Differentiate between Hire-Purchase System and Instalment Payment System.

2. The Face value of a debenture is Rs. 100. What journal entries will be made in the following cases : **4+4+4+4+4=20**

(a) Issued Rs. 40,000, 12% debentures at par, redeemable at par.

(b) Issued Rs. 40,000, 12% debentures at a discount of 10% redeemable at par.

(c) Issued Rs. 40,000, 12% debentures at 5% premium redeemable at par.

(d) Issued Rs. 40,000, 12% debentures at par redeemable at 10% premium.

(e) Issued Rs. 40,000, 12% debentures at 5% discount and redeemable at 5% premium.

3. A and B Shared profits and losses in a firm in the ratio of 3 : 2. Its Balance Sheet as on 31-12-2008 was as follow. **8+2+5+5+=20**

| Liabilities | | Rs. | Assets | | Rs. |
|---|---|---|---|---|---|
| Creditors | | 20,000 | Cash at Bank | | 8,000 |
| Loan from A | | 16,000 | Debtors | 40,000 | |
| General Reserve | | 25,000 | —Provision | 1,800 | 38,200 |
| Capitals : | | | Stock | | 54,800 |
| A : | 1,20,000 | | Investments | | 20,000 |
| B : | 80,000 | | Machine | | 40,000 |
| | | 2,00,000 | Building | | 1,00,000 |
| | | 2,61,000 | | | 2,61,000 |

Partners decided to dissolve the firm on the above date. Assets realized as follow :

01492

Stock Rs. 45,000; Machine 20% less than book value, Debtors Rs. 35,000. Building Rs. 30,000 more than the book value. A took over investments at an agreed value of Rs. 15,000. Creditors agreed to accept 5% less in final settlement of their dues. Expenses of realization of assets : Rs. 1,200. There was a typewriter which was not shown in the books of the firm. It is sold for Rs. 5,000.

Prepare Realization A/c, A's loan A/c, Capital Accounts and Bank Account.

**4.** X Ltd. invited application for 20,000 shares of Rs. 10 each payable as under : **12+8=20**

On application Rs. 3 Per share, on allotment Rs. 3 per share, on $I^{st}$ call Rs. 2 per share and Rs. 2 per share on final call. Final call has not yet been made by the company. An applicant who was allotted 100 shares failed to pay allotment and $I^{st}$ call money. His shares were forfeited after the $I^{st}$ call and were immediately re-issued at Rs. 8.5 per share. Make necessary journal entries and prepare the opening Balance Sheet of a company

**5.** On $I^{st}$ January, 2007 A Ltd. purchased a Machine from B Ltd. on hire purchase system. The cash price of the machine was Rs. 34,500. The payment was to be made Rs. 10,000 on signing the agreement and the balance in three equal instalments of Rs. 10,000 each at the end of each **20**

year. B Ltd. charges interest at the rate of 12% p.a. A Ltd. writes off 10% p.a. as depreciation on the reducing instalment system. A Ltd. could not pay the instalment due on 31-12-2008 and the seller took possession of the machine. Open ledger accounts in the books of Hire-purchaser.

6. Write notes on the following : **5+5+5+5=20**

(a) Goods in Transit

(b) Cash in Transit

(c) Branch Adjustment Account

(d) Rules for issue of shares at a premium

## SECTION-B

7. Differentiate between : **7+8=15**

   (a) Auditing and Book-Keeping

   (b) Auditing and Investigation

**OR**

What is Internal Check ? Explain its merits and demerits. **3+6+6=15**

8. What do you mean by valuation of Assets ? Discuss its objectives. **3+7=10**

**OR**

How are the vouchers examined ? Discuss the duties of an Auditor in connection with vouching. **4+6=10**

# स्नातक उपाधि कार्यक्रम

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2010

## ऐच्छिक पाठ्यक्रम : वाणिज्य

## ई.सी.ओ.-4 : लेखाविधि - II

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

*(कुल का 70%)*

---

***नोट :*** ***खण्ड-क*** *में से* ***कोई से चार*** *प्रश्नों के उत्तर लिखिए जिनमें प्रश्न संख्या 1 शामिल हो क्योंकि वह* ***अनिवार्य*** *है, तथा* ***खण्ड-ख*** *के* ***दोनों*** *प्रश्न कीजिए।*

---

### खण्ड-क

1. निम्नलिखित में से ***किन्हीं तीन*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **5+5+5=15**

   (a) ऐसी किन्हीं चार बातों का उल्लेख कीजिए जिन्हें साझेदारी विलेख में शामिल किया जाना चाहिए।

   (b) किन्हीं पाँच शर्तों का उल्लेख कीजिए जिन्हें शेयरों को छूट पर निर्गमित करने के लिए पूरा करना आवश्यक होता है।

   (c) ऋणपत्र से क्या तात्पर्य है ? किन्हीं दो प्रकार के ऋणपत्रों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

   (d) ब्रांच समायोजन खाते पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

   (e) अवक्रय प्रणाली तथा किश्त भुगतान प्रणाली में अन्तर बताइए।

2. एक ऋणपत्र का अंकित मूल्य 100 रु. है। निम्नलिखित स्थितियों में क्या जर्नल प्रविष्टियां की जाएंगी ? **4+4+4+4+4=20**

(a) 40,000 रु. के 12% ऋणपत्र सममूल्य पर निर्गमित किए जो कि सममूल्य पर ही शोध्य हैं।

(b) 40,000 रु. के 12% ऋणपत्र 10% की छूट पर निर्गमित किए जो सममूल्य पर शोध्य हैं।

(c) 40,000 रु. के 12% ऋणपत्र 5% प्रीमियम पर निर्गमित किए जो कि सममूल्य पर शोध्य हैं।

(d) 40,000 रु. के 12% ऋणपत्र सममूल्य पर निर्गमित किए जो कि 10% प्रीमियम पर शोध्य हैं।

(e) 40,000 रु. के 12% ऋणपत्र 5% की छूट पर निर्गमित किए जो कि 5% प्रीमियम पर शोध्य हैं।

3. A तथा B एक फर्म में लाभ-हानि को 3 : 2 के अनुपात में बांटते हैं। 31-12-2008 को उस फर्म की बैलेंस शीट निम्नलिखित थी : **8+2+5+5+=20**

| देयताएं | रु. | परिसंपत्तिया | रु. |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 20,000 | बैंक शेष | 8,000 |
| A से ऋण | 16,000 | देनदार 40,000 | |
| सामान्य संचय | 25,000 | – प्रावधान 1,800 | 38,200 |
| पूंजी | | स्टाक | 54,800 |
| A : 1,20,000 | | निवेश | 20,000 |
| B : 80,000 | 2,00,000 | मशीनें | 40,000 |
| | | भवन | 1,00,000 |
| | 2,61,000 | | 2,61,000 |

साझेदारों ने फर्म के विघटन का निर्णय लिया, उपर्युक्त तिथि पर हो। परिसंपत्तियों से निम्नलिखित वसूली हुई :

स्टाक 45,000 रु.; मशीनों से पुस्तक मूल्य से 20% कम; देनदार 35,000 रु.; भवन से पुस्तक मूल्य से 30,000 रु. अधिक। A ने निवेशों को 15,000 रु. के सहमत मूल्य पर ले लिया। लेनदारों ने अपनी राशियों से 5% कम ले कर निपटान किया। परिसंपत्तियों की वसूली पर 1,200 रु. व्यय हुए। फर्म का एक टाइपराइटर था जिसे फर्म की पुस्तकों में नहीं दिखाया हुआ। उसे 5,000 रु. में बेचा गया।

वसूली खाता, A का ऋण खाता, पूंजी खाते तथा बैंक खाता बनाइए।

4. X लि. ने 10 रु. प्रति शेयरवाले 20,000 शेयरों के लिए आवेदन मांगे जिन पर देय राशि निम्नलिखित थी : **12+8=20**

आवेदन पर 3 रु. प्रति शेयर, आवंटन पर 3 रु. प्रति शेयर, पहली मांग पर 2 रु. प्रति शेयर तथा अंतिम मांग पर 2 रु. प्रति शेयर। कंपनी ने अभी तक अंतिम मांग की राशि नहीं मांगी।

एक आवेदनकर्त्ता, जिसे 100 शेयर आवंटित हुए थे, आवंटन एवं पहली मांग की राशि का भुगतान नहीं किया। उसके शेयर जब्त कर लिए गए और उन्हें तुरन्त 8.5 रु. प्रति शेयर के हिसाब से पुनर्निर्गमित कर दिया गया। उपर्युक्त के लिए आवश्यक जर्नल प्रविष्टियां कीजिए तथा कंपनी की प्रारम्भिक बैलेंस शीट बनाइए।

5. 1 जनवरी, 2007 को A लि. ने B लि. से अवक्रय पर एक मशीन खरीदी। इस का नकद मूल्य 34,500 रु.था। इस के भुगतान संविदे पर हस्ताक्षर करते समय 10,000 रु. तथा शेष राशि प्रत्येक वर्ष के अंत में 10,000 रु. वाली तीन बराबर किश्तों में भुगतान की जानी थी। B लि. ने इस लेनदेन पर 12% प्रति वर्ष के हिसाब से ब्याज लगाया। A लि. ने इस मशीन पर घटती किश्त प्रणाली के अनुसार 10% प्रति वर्ष मूल्य ह्रास लगाया। A लि. 31-12-2008 को देय किश्त का भुगतान करने में असफल रही जिस के फलस्वरूप विक्रेता मशीन वापस ले ली। अवक्रय क्रेता की पुस्तकों में आवश्यक खाते बनाइए। **20**

6. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिए : **5+5+5+5=20**

   (a) मार्गस्थ माल

   (b) मार्गस्थ रोकड़

   (c) ब्रांच समायोजन खाता

   (d) शेयरों को प्रीमियम पर निर्गमित करने संबंधी नियम

## खण्ड-ख

7. निम्नलिखित में अंतर बताइए : **7+8=15**

    (a) अंकेक्षण तथा लेखांकन

    (b) अंकेक्षण तथा अनुसंधान

**अथवा**

आंतरिक निरीक्षण से क्या तात्पर्य है? इस के लाभ तथा हानियों का उल्लेख कीजिए। **3+6+6=15**

8. परिसंपत्तियों के मूल्यांकन का क्या अर्थ है? इस के उद्देश्यों का विवेचन कीजिए। **3+7=10**

**अथवा**

वाउचरों का निरीक्षण कैसे किया जाता है? वाउचरों की जांच के संबंध में अंकेक्षक के कर्तव्यों का विवेचन कीजिए। **4+6=10**

---